an>

title: Regarding poor condition of various roads including Jhansi-Mirzapur N.H. in Banda Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : अध्यक्ष जी, मेरे संसदीय क्षेत्र में सड़कों की हालत बहुत खराब है। मेरे संसदीय क्षेत्र में सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल चित्रकूट धाम और कलिंजर का किला है। यहां हजारों तीर्थयात्री और पर्यटक जाते हैं। लेकिन उन सभी को बहुत ही असुविधा का सामना करना पड़ता है। मेरे संसदीय क्षेत्र में रहने वाले मरीज अस्पताल तक नहीं पहुंच पाते हैं और रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो जाती है, क्योंकि सड़कों की हालत खराब है। मैं लगभग पिछले एक वर्ष से यह बातें उठा रहा हूं और राज्य सरकार से भी कह रहा हूं कि मेरे यहां झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-1 की हालत भी बहुत खराब है। माननीय गडकरी जी ने उसकी मरम्मत के आदेश भी दिए हैं, लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं हुआ है। ग्रामीण सड़कों की हालत तो इतनी खराब है कि गर्भवती स्त्री अस्पताल तक नहीं पहुंच पाती है और रास्ते में ही उनकी डिलीवरी हो जाती है। सैंकड़ों लोगों की जाने जा चुकी हैं और रोज़ दुर्घटनाएं हो रही हैं। लेकिन राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण सड़कों के गड्ढे तक नहीं भरे जा रहे हैं।

महोदय, हम जब यहां बात उठाते हैं तो राज्य सरकार का मामला कह कर मामले को टाल दिया जाता है। हमारे यहां लोक निर्माण विभाग के जो मंत्री हैं, वे मेरे जिले के प्रभारी मंत्री भी हैं। जब उनसे कहा जाता है तो वह हंसकर टाल देते हैं कि अच्छे दिनों का इंतजार कीजिए। अब आप बतायें कि हम लोग क्या करें और अपनी बात कहां उठायें।

मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि राज्य सरकार से अपडेट करके कम से कम उन सड़कों के गड्ढे भरवाकर उन्हें ठीक किया जाए, ताकि वहां के लोगों की हालत ठीक हो सके।